मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-547
**25/08/2026**

# मुख्यमंत्री ने पटना नगर निगम द्वारा आवासीय मकानों में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर जारी नोटिस के समाधान के लिए समिति का किया गठन

## मुख्य बिंदु :–

- समिति संबंधित विषय का अध्ययन कर व्यावहारिक एवं जनहितकारी समाधान की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

पटना, 25 अगस्त 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने पटना नगर निगम द्वारा आवासीय मकानों में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर जारी नोटिस के समाधान के लिए उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में समिति गठित की है। इस समिति में नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री नीतीश कुमार मिश्र (सदस्य सचिव) तथा सदस्य के रूप में ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सहकारिता मंत्री श्री रामकृपाल यादव एवं विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह होंगे।

समिति संबंधित विषय का अध्ययन कर व्यावहारिक एवं जनहितकारी समाधान की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

पटना नगर निगम द्वारा जारी किये गये नोटिस के समाधान हेतु मुख्यमंत्री से एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल में विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधायक श्री रत्नेश कुशवाहा, विधायक श्री श्याम रजक एवं विधायक श्री संजय गुप्ता शामिल थे।

*****